<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस देने की घोषणा की। इस निर्णय से लगभग चौदह लाख बयासी हजार कर्मचारी होंगे लाभान्वित।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार ने दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का किया फैसला। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे योजना का शुभारंभ।
- अमरीकी शुल्क के बावजूद भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर पहले के अनुमान से अधिक तेजी से बढ़ेगी। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट–दो हजार पचीस–छब्बीस में जताया अनुमान।
- अयोध्या दीपोत्सव को सफल बनाने के लिये स्वास्थ्य विभाग ने किए विशेष इंतजाम। श्रद्धालुओं के लिए बनाए जा रहे पन्द्रह अस्थाई अस्पताल।

**********

प्रदेश सरकार ने दीपावली के अवसर पर राज्य कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लगभग 14 लाख 82 हजार राज्य कर्मचारी लाभान्वित होंगे। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस मंजूर किया गया है। इसके अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स लेवल आठ तक के कार्मिकों को 30 दिन की परिलब्धियों के आधार पर प्रति पात्र कर्मचारी छह हजार नौ सौ आठ रूपया तक बोनस प्राप्त होगा। इसमें राज्य कर्मचारी, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

प्रदेश सरकार ने दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2025–26 में दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 तक और दूसरा चरण जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सरकार ने 1500 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आवास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरों में तेजी से हो रहे विकास को देखते हुए अब एक व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति की आवश्यकता है। एक रिपोर्ट

***मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढाँचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली और पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में विकास प्राधिकरणों द्वारा लिए जाने वाले बाह्य विकास शुल्क पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि एवं औद्योगिक उपयोग की भूमि पर बाह्य विकास शुल्क, आवासीय और व्यावसायिक उपयोग की तुलना में कम होना चाहिए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने। आज पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उधर, मुख्यमंत्री ने कल एक उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एण्ड रूरल इण्टरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग प्रोजेक्ट (यूपी एग्रीज) के कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर, टिकाऊ और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रदेश में डिजिटल कृषि नीति तैयार की जाए, जो राष्ट्रीय तकनीकी मानकों पर आधारित हो।

**********

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल हरियाणा के मानेसर में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षागार्ड– एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भी एक केंद्र स्थापित करेगा।

***पूरा देश आज एनएसजी की बहादुरी, वीरता और समर्पण पर पूरा देश ना करता है और आने वाले दिनों में हम एनएसजी के काम में भी बहुत बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। छह हब अब तक एनएसजी के बन चुके हैं। मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, जम्मू टास्क फोर्स और अब अयोध्या में भी बनने जा रहा है।***

**********

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर अमरीकी शुल्क के प्रभाव के बावजूद, भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर पहले के अनुमान से अधिक तेजी से बढ़ेगी। कोष ने अपनी विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में वर्ष 2025–26 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर छह दशमलव छह प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पहले यह अनुमान छह दशमलव चार प्रतिशत था।

**********

अयोध्या में दीपोत्सव 2025 को पूर्णतः सुरक्षित बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस बार दीपोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 15 अस्थायी चिकित्सालय बनाए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बालियान ने बताया कि दीपोत्सव के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी।

**********

सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के 12–13 लडाकू जहाजों को मार गिराया। नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देश–यूएनटीसीसी कॉन्क्लेव में श्री घई ने कहा कि पूरे पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया।

**9 और 10 मई की रात को किए गए सटीक हमलों में हमने उनके 11 ठिकानों, 8 हवाई अड्डों, 3 हैंगरों और 4 रडार को नुकसान पहुँचाया। मुझे लगता है कि जिस बेबाकी से ये हमले किए गए वे काफी महत्वपूर्ण हैं।**

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल वर्चुअल माध्यम से तीन नई डोर–टू–डोर माल और पार्सल सेवाओं का शुभारम्भ किया। इनमें लखनऊ मंडल के सोनिक गुड्स शेड पर "डोर–टू–डोर लॉजिस्टिक्स सेवा" भी शामिल है। मीडिया को जानकारी देते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि डोर–टू–डोर सेवा की दक्षता देश के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि यह सेवा वास्तविक दक्षता को बढ़ावा देगी और लॉजिस्टिक लागत को कम करेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी जो पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है और इससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट

***जीएसटी दरों में कमी से पारंपरिक और क्षेत्रीय उत्पाद अब ज्यादा किफायती हो गए हैं जिससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। जीएसटी में इस बदलाव से अदरक, हल्दी, बांस और फलों जैसी पैकेज्ड और प्रसंस्कृत वस्तुओं पर कर की दर 18: से घटकर 5: हो गई है। जीएसटी में कटौती से स्थानीय सामान सस्ता हुआ है और ग्रामीण व अर्ध शहरी क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और 7500 रूपये तक के होटल में रहने पर 5: जीएसटी लगने से अब राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इशानी और सौम्या के साथ दिलनशी आरज़ू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो ने लखनऊ के डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे होने पर पाँच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगाई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रगतिशील किसान और पदम श्री राम शरण वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से सरकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता को मिल रही है।

**********